हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, जनवरी 12, 2024


11 वेतन विसंगति जल्द दूर नहीं हुई तो तेज होगा आंदोलन





12 मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन




## खबर संक्षेप

### एनआईए टीम ने कुलदीप के परिजनों से की पूछताछ

**झज्जर।** वीरवार अलसुबह एनआईए की टीम कस्बा बेरी पहुंची। यहां उन्होंने सिंगर सिद्दू मूसेवाला हत्याकांड में आरोपी कुलदीप उर्फ कशिश के मकान पर सर्च अभियान चलाया। करीब एक घंटे तक चलाए गए सर्च अभियान कके दौरान कुलदीप की मां, भाई व भाभी मौजूद रहे। टीम द्वारा परिवार के लोगों से भी पूछताछ की और उनके मोबाइल भी चैक किए। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम में करीब पांच लोग शामिल थे। थाना प्रभारी बेरी जसवीर का कहना है कि सिद्दू मूसेवाला हत्याकांड में बेरी निवासी कुलदीप उर्फ कशिश के घर सुबह एनआईए की टीम पहुंची थी।

### आरजे 60 हजार को करेंगे सम्मानित

**बहादुरगढ़।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून के कार्यालय पर आयोजित मकर संक्रांति सम्मान समारोह के 11वें दिन भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों को सम्मानित किया गया। उनके अनुसार यह समारोह 20 जनवरी तक जारी रहेगा। उनका दावा है कि इस दौरान 60 हजार लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

### तबीयत बिगड़ने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** बादली स्थित एक मकान में प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 50 वर्षीय वीरेंद्र के रूप में हुई है। मूल रूप से बिहार का रहने वाला था। यहां बादली में रहता था। एक कंपनी में काम करता था। रात को खाना खाकर सोया था। अल सुबह मृत अवस्था में मिला।

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का मांडोठी दौरा कल

**झज्जर।** सीटीएम परवेश कादियान ने बताया कि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरिंग मंत्री जयप्रकाश दलाल शनिवार को दोपहर ढाई बजे गांव मांडोठी स्थित आर्यव्रत गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। इस दौरान गौशालाओं को चैक वितरित करेंगे और नागरिकों की समस्याएं भी सुनेंगे।

# स्वच्छता पर हर महीने करोड़ों खर्चने के बाद भी रैंकिंग में गिरावट

### गत वर्ष बहादुरगढ़ नगर परिषद 111वें नंबर पर थी और इस बार देशभर में 174वां रैंक रहा, 9 हजार में मिले 4657.4 अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण के आंकड़ों में इस बार बहादुरगढ़ नगरपरिषद का रैंक देशभर में 174वां रहा, जबकि पिछले साल 111वां रैंक था। बीते साल जहां कुल 7500 अंकों में से 4048.49 अंक प्राप्त किए थे। वहीं इस बार 9 हजार अंकों में से बहादुरगढ़ का स्कोर 4657.4 रहा है। सर्वेक्षण के आंकड़ों में बेशक बहादुरगढ़ की रैंकिंग में गिरावट आई है, लेकिन नप अधिकारियों का दावा है कि शहर में सफाई के हालात में सुधार हुआ है। उनके अनुसार इस बार मुकाबला देश की बड़ी नगर निगमों के साथ था। उस हिसाब से परिषद की रैंकिंग काबिल-ए-तारीफ है।



बहादुरगढ़। सड़क किनारे सफाई करते कर्मचारियों का फाइल फोटो।

- पार्षद रमन यादव के अनुसार डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए

### आज भी शहर के 40 प्रतिशत घरों से कूड़ा नहीं उठता

दरअसल, बहादुरगढ़ में सफाई की वास्तविकता काफी गंदी है। बीते एक दशक में शहर की सफाई का खर्च करीब दस गुणा बढ़ चुका है। हालांकि शहर की सफाई व्यवस्था में अपेक्षाकृत बदलाव नहीं हुआ है। दिनभर सड़कों पर धूल उड़ती रहती है। शौचालयों का प्रयोग करना भी सुलभ नहीं है। आज भी शहर के 40 प्रतिशत घरों से कूड़ा नहीं उठता। इंटरनेट मीडिया पर चल रही चर्चा में नागरिकों का कहना है कि शहर के ज्यादातर शौचालय बदहाल हैं। स्वच्छता रैंकिंग पर भी अनेक लोगों ने सवाल उठाए। पूर्व पार्षद वजीर राठी के अनुसार सफाई की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। नगर परिषद सभी कॉलोनियों से यूजर चार्ज वसूल रही है, लेकिन अधिकांश घरों से कूड़ा कलेक्शन नहीं होता। पार्षद कुलदीप राठी के अनुसार रोजाना गोबर शहर की नालियों में बहाया जाता है। कूड़ा सड़कों पर फैंकने के साथ जला दिया जाता है। इससे शहर के स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर हो रहा है। पार्षद रमन यादव के अनुसार डोर-टू-डोर कलेक्शन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। सफाई निरीक्षक सुनील हुड्डा के अनुसार बहादुरगढ़ की रैंकिंग इस बार बेहतर हुई है। इस बार हमारा मुकाबला देश की बड़ी नगर निगमों के साथ था। जिसमें हमने सम्मानजनक स्थान प्राप्त किया है।

बहादुरगढ़ की वर्षवार रैंकिंग

| वर्ष | रैंकिंग |
|---|---|
| 2017 | 353वें |
| 2018 | 209वें |
| 2019 | 228वें |
| 2020 | 216वें |
| 2021 | 120वें |
| 2022 | 111वें |
| 2023 | 174वें |

# रोहणा से लापता युवक का शव 11वें दिन रोहद से बरामद



बहादुरगढ़। शव को निकालने के प्रयास में जुटी गोताखोर टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सोनीपत जिले के गांव रोहणा से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए युवक का शव 11वें दिन करीब 20 किलोमीटर दूर रोहद से बरामद हुआ। शव यहां एनसीआर माइनर में पुल के नीचे अटका हुआ था। कई घंटों की मशक्कत के बाद शव को माइनर से बाहर निकाला जा सका। खरखोदा पुलिस शव को अपने साथ ले गई है।

- एनसीआर माइनर में पुल किनारे अटका मिला शव, निकालने के बाद खरखौदा पुलिस ले गई शव

दरअसल, बुधवार की देर शाम को रोहद से गुजर रही एनसीआर माइनर में पुल के नीचे अटके शव पर किसी की नजर गई। यह सूचना पुलिस को दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन पानी का बहाव तेज होने के कारण शव पुल के नीचे जाकर फंस गया। इसके बाद वीरवार की सुबह फिर से अभियान शुरू हुआ। बोटिंग टीम को भी बुलाया गया।

### कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त हुई

पानी का स्तर कम करने के लिए सप्लाई भी रुकवाई गई। इस तरह से कई घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर को शव माइनर से बाहर निकाला जा सका। मौके पर खरखोदा पुलिस और कुछ लोग आए हुए थे। जिन्होंने कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त कर ली। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय अरुण के रूप में हुई। गांव रोहणा का निवासी था। गत 31 दिसंबर को स्कूटी पर सवार होकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने तलाश शुरू की और पुलिस को मामले से अवगत कराया। इस दौरान अरुण की स्कूटी रोहणा से गुजर रही एनसीआर माइनर की पटरी के निकट खड़ी मिली। इसके बाद पुलिस ने माइनर में भी सर्च अभियान चलाया। तब से तलाश जारी थी लेकिन कुछ अता-पता नहीं चल सका। इस तरह से 11वें दिन एक शव रोहद के निकट माइनर में मिला। जिसकी शिनाख्त परिजनों ने अरुण के तौर पर की है। खरखोदा पुलिस शव को अपने साथ ले गई है। युवक की मौत की वजह क्या रही, ये अभी जांच का विषय है।

# 46 कामों की 12.73 करोड़ की पेमेंट को मिली अप्रूवल

### केवल वार्ड-23 की पार्षद सुनैना संजीव मलिक ने एक काम के भुगतान पर जताई थी आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद कार्यालय में वीरवार को प्रधान सरोज राठी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 40 कामों के लिए 12 करोड़ 73 लाख रुपए की पेमेंट करने की अप्रूवल दे दी गई। बैठक में डीएमसी जगनिवास, ईओ संजय रोहिल्ला, एक्सईएन डालचंद शर्मा, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, अप्रूवल कमेटी के सदस्य विशाल गर्ग के अलावा संबंधित वार्ड पार्षद भी मौजूद रहे। कुल 47 कामों में से केवल एक काम के एवज में साढ़े 7 लाख रुपए भुगतान पर वार्ड-23 की पार्षद सुनैना संजीव मलिक ने आपत्ति दर्ज करवाई।

- कई महीनों की पुरानी पेमेंट की अप्रूवल भी मीटिंग में दी गई

पेयमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में क्लीनिंग एंड स्वीपिंग के लिए गणेश एंटरप्राजेज को एक महीने के 1 करोड़ 59 लाख 59 हजार 392 रुपए और नालों की सफाई के लिए आईएनडी सेनिटेशन सोल्यूशन को 22 लाख 67 हजार 919 रुपए का भुगतान करने की स्वीकृति दी गई। कुई महीनों की पुरानी पेमेंट की अप्रूवल भी इस मीटिंग में दी गई। सेनिटेशन से जुड़ा सामान खरीदने के लिए न्यू भारत इंजीनियरिंग को 14 लाख 49 हजार 400 और श्रीराम एंटरप्राजेज को 6 लाख 59 हजार 254 रुपए की पेमेंट की जाएगी। स्ट्रीट लाइटों की रिपेयर की बात करें तो द रोहिणी एलसी सोसायटी को 9 लाख 93 हजार तथा द स्वच्छ हरियाणा सोसायटी को 12 लाख 71 हजार रुपये का भुगतान होगा। जय दादी सती कंस्ट्रक्शन को छोटूराम नगर में रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए 73 लाख 58 हजार 470 रुपए का भुगतान किया जाएगा। रमेश कुमार को वार्ड-25 में गली निर्माण के लिए 6 लाख 19 हजार 528, रेलवे लाइन के साथ वार्ड-5 में बाउंड्री वॉल के लिए 4 लाख 79 हजार 591 रुपए की पेयमेंट की जाएगी।



बहादुरगढ़। पेमेंट अप्रूवल कमेटी की बैठक में चर्चा करते अधिकारी व पार्षद।

### ट्री गार्ड, स्लैब व साइन बोर्ड

प्रीकॉस्ट सीसी ट्री गार्ड के लिए महेश कुमार को 5 लाख 36 हजार 520, पार्षदों के साइन बोर्डों के लिए दादा साध वाला सोसायटी को 9 लाख 96 हजार 422 के भुगतान की स्वीकृति दी गई है। पब्लिक टॉयलेट्स की रिपेयर के लिए सुरेश ठेकेदार को 8 लाख 36 हजार 849 रुपये का भुगतान होगा। जोन-1 में प्रीकॉस्ट आरसीसी स्लैब के लिए दादा साध वाला सोसायटी को 9 लाख 53 हजार 872 रुपए की पेयमेंट होगी। शिव एलसी सोसायटी को पार्किंग की मार्किंग के लिए 4 लाख 1 हजार 786, मामन विहार व पटेल नगर में गली नाली के लिए 6 लाख 5 हजार 901 और छोटूराम नगर में सीसी गली के लिए 16 लाख 90 हजार 684 रुपये का भुगतान होगा।

### पैच वर्क के लिए 18.18 लाख

थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन के लिए एचआर कंस्लटेंसी को 7 लाख 63 हजार 284 और यूएलबी कंस्लटेंसी को 4 लाख 58 हजार 399 रुपए का भुगतान किया जाएगा। प्रॉपर्टी टैक्स के नोटिस वितरण के लिए प्रगति इंफो को 10 लाख 56 हजार 999 और सड़कों पर पैच वर्क करने के लिए द ब्रदर बिल्डर को 18 लाख 18 हजार 668 रुपए का भुगतान होगा। संत शिरोमणी नामदेव चौपाल के लिए केशव एंटरप्राइजेज को 6 लाख 17 हजार 285, बाजे भक्त धर्मशाला के लिए अनवेश को 5 लाख 579 रुपए के भुगतान को स्वीकृति मिली। शहीद स्मारक की रिपेयर के लिए दीपक को 8 लाख 37 हजार 961 रुपए की पेयमेंट मिलेगी।

### पार्कों के रखरखाव की पेमेंट

लंबे इंतजार के बाद पार्कों की रखरखाव के लिए भी भुगतान की स्वीकृति मिल गई। सेक्टर-2 आरडब्ल्यूए को 4 लाख 96 हजार 404, क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट को 37 हजार 800, ऋषि दयानंद समाजसेवा समिति को 1 लाख 94 हजार 897, फ्रेंड्स कॉलोनी जनकल्याण एवं सुधार समिति को 79 हजार 456, इनडेप्थ विजन फाउंडेशन को 98 हजार रुपए, ऑलिवेल फेडरेशन को 19 लाख 29 हजार 501, भगत सिंह मैत्री संस्था को 3 लाख 33 हजार 219, निष्ट ग्लोबल फाउंडेशन को 4 लाख 50 हजार 790, सेवा भाव को 6 लाख 84 हजार 747 और एमआर एजुकेशन एंड वेल्फेयर सोसायटी को 3 लाख 53 हजार 358 का भुगतान करने की स्वीकृति मिली है।

# एनटीपीसी प्लांट के सीनियर मैनेजर ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

झाड़ली क्षेत्र के एनटीपीसी प्लांट में सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है।पुलिस को दी शिकायत में मृतक के भाई सचिन ने बताया कि उसका बड़ा भाई अमित गोयल एनटीपीसी झाड़ली में बीते अगस्त माह सीनियर मैनेजर के पद पर तैनात था।

- परिजनों ने अधिकारियों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

सचिन का आरोप है यहां ट्रांसफर होने के बाद यहां के उच्चाधिकारियों द्वाराउसके भाई की प्रमोशन रोक दी गई थी और उन्हें निचले स्तर के कार्य में लगादिया गया था। इस संबंध में उसके भाई अमित ने दमा की शिकायत के कारण अधिकारियों से किसी अन्य कार्य में लगाए जाने की प्रार्थना भी की थी। लेकिन अधिकारियों ने न केवल उसके भाई की प्रार्थना को अनदेखा किया बल्कि उसे लगातारपरेशान भी करते रहे। इनकीप्रताड़ना से तंग आकर उसके भाई अमित ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने सचिनके शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

# वाइस चेयरमैन की शिकायत पर जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- चेयरपर्सन कार्यालय में बदतमीजी से नाराज उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा ने पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा व योगेश धनखड़ के विरुद्ध दी शिकायत

सोमवार को नगर परिषद में चेयरपर्सन कार्यालय में उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के साथ पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा व पार्षद पति योगेश धनखड़ की कहासुनी का मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। इस मामले में वाइस चेयरमैन ने एसपी को शिकायत दी थी। जिस पर वीरवार को पुलिस जांच करने नगर परिषद पहुंची। जांच अधिकारी ने चेयरपर्सन सरोज राठी, नप उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा व पार्षद राजेश तंवर समेत कई अधिकारियों के बयान दर्ज किए हैं।

बता दें कि सोमवार 8 जनवरी को पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, कुलदीप राठी व पार्षद पति योगेश धनखड़ अपने कामों को लेकर नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी से मिलने गए थे। उनके कार्यालय में साथ बैठे नप उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा के साथ उनकी जोरदार बहस हो गई थी। हालांकि हाथापाई की नौबत से पहले ही चेयरपर्सन के हस्तक्षेप से मामला दब गया था। लेकिन अगले ही दिन नप उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा ने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली। जिसमें उन्होंने लिखा है कि कुछ ठेकेदारी करने वाले पार्षदों ने चेयरपर्सन के कमरे में आकर बिना किए हुए कामों की पेयमेंट करवाने का नाजायज दबाव बनाया। इतना ही नहीं वाइस चेयरमैन के साथ बदतमीजी भी की। इसके अलावा पालेराम शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को इन पार्षदों के विरुद्ध एक शिकायत भी सौंपी। इसकी जांच के लिए पुलिस वीरवार को नगर परिषद पहुंची। आईओ ने इस सिलसिले में चेयरपर्सन सरोज राठी, नप उपाध्यक्ष पालेराम शर्मा व पार्षद राजेश तंवर समेत कई अधिकारियों के बयान लिए।

### नहीं हुआ सुलहनामा



पालेराम शर्मा ने बताया कि उनके साथ सोमवार को कुछ पार्षदों ने चेयरपर्सन कार्यालय में दुव्यर्वहार किया था। इसकी शिकायत उन्होंने एसपी से की है। वे अनुचित दबाव और दुर्व्यवहार सहन नहीं करेंगे। किसी दबाव में नहीं आएंगे और परिषद के एक पैसे को भी व्यर्थ नहीं जाने देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस कहासुनी के बाद वे एक मध्यस्थ के ठिकाने पर इनके साथ बैठे भी थे। दोनों पक्षों में बातचीत भी हुई, लेकिन जब तक वे गलती नहीं मानेंगे, तब तक कोई सुलह नहीं होगी।

# एसपी ने की स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक

### सुरक्षा के मद्देनजर कुछ निर्देश दिए



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसपी डॉक्टर अर्पित जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों के साथ एसपी डॉक्टर अर्पित जैन ने बैठक की। बैठक में विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। एसपी डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाए रखने के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि आपके आस पास किसी भी तरह की कोई समस्या आती है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस पब्लिक के आपसी सहयोग से किसी भी तरह की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है। बैठक में एसपी ने सुरक्षा के मद्धेनजर कुछ निर्देश भी दिए। इस दौरान डीएसपी शमशेर सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### इन बातों का रखें ध्यानः

: सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों पर अच्छी गुणवत्ता वाले सीसीटीवी लगवाए और उनकी स्टोरेज कम से कम 60 दिन तक जरूरी होनी चाहिए। : सीसीटीवी इस तरह लगे होने चाहिए कि बाजार में आने-जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों की पूरी कवरेज की जा सके। : बड़े शोरूम वाले स्वर्णकार अपने स्तर पर सुरक्षा गार्ड रखेंगे। : सभी स्वर्णकार अपनी-अपनी दुकानों में सायरन सिस्टम लगवाएंगे ताकि कोई भी अप्रिय घटना घटित होती है तो जल्द पुलिस मदद मिल सके। : जिन स्वर्णकारों की दुकानों में लगे सीसीटीवी ठीक कार्य नहीं कर रहे, उन्हें तुरंत ठीक करवाया जाए। : सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों पर पुलिस कंट्रोल रुम, चौकी व थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर लिखवाएं। : सभी स्वर्णकार अपनी दुकानों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की पुलिस वैरिफिकेशन जरूर करवाएं। : स्वर्णकार अपनी दुकानों पर ज्यादा कैश या आभूषण न रखें। : सभी स्वर्णकार अपने क्षेत्र के थाना व चौकी प्रभारियों से समय-समय पर मीटिंग कर तालमेल बनाए रखे। : कोई अनजान व्यक्ति बार-बार दुकान के सामने से आता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

: कोई अनजान व्यक्ति चांदी या सोना बेचने के लिए आता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

### आभूषणों की दुकान पर हुई लूटपाट के बाद पुलिस ने की सख्ती

# बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कसा जा रहा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पिछले दिनों शहर में एक आभूषणों की दुकान पर हुई लूटपाट के बाद पुलिस ने सख्त रूप अख्तियार किया है। शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए चौक, चौराहों और बाजारों में पुलिस की नजर है। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर भी कड़ी निगाह रखी जा रही है। ऐसे वाहनों को इंपांड किया जा रहा है।

दरअसल, गत आठ जनवरी को किला मोहल्ला स्थित एमएस ज्वैलर्स पर लूटपाट की वारदात हो गई थी। तीन बदमाशों ने चाकू, पिस्तौल के बल पर वारदात की थी। संचालक को भी चाकू से घायल कर दिया था। उस वारदात में प्रयोग की गई बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी। इसके अलावा इलाके में हुई स्नेचिंग, चोरी आदि कई वारदातों में भी बदमाशों ने बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल किया है। इसे ध्यान में रखते हुए पुलिस भी सख्त है। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है।

बाजारों में पुलिस सादे कपड़ों में गश्त कर रही है तो चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कस रही है। यातायात पुलिस की ओर से बिना नंबर प्लेट वाले कई वाहन इंपाउंड किए गए हैं। जिन वाहनों पर नंबर नहीं होता, उनके चालकों से उनका पूरा डाटा जुटाया जा रहा है। नियमों की अनदेखी करते हुए नंबर प्लेट लगवाने वालों के भी चालान किए गए।

यातायात थाना प्रभारी बिजेंद्र सिंह का कहना है कि सभी वाहन चालक नियमों का पालन करें। सुरक्षा की दृष्टि से भी सतर्क रहें। अपने वाहनों पर नियमानुसार नंबर प्लेट लगाए। गाड़ी के शीशों पर काली फिल्म न लगाएं और अत्याधिक ध्वनि वाले हॉर्न लगाने से भी बचें।



बहादुरगढ़। नियमों की अवहेलना पर वाहन चालक का चालान करती पुलिस।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** छोटूराम नगर के निकट ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान के बाद शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतका की पहचान करीब 28 वर्षीय रेशमा के रूप में हुई है। मूलतः बिहार के पटना की रहने वाली थी। पिछले कुछ समय से यहां छोटूराम नगर में रह रही थी। रोजमर्रा की तरह वीरवार की सुबह करीब आठ बजे घर से ड्यूटी के लिए निकली थी। जब रेलवे लाइनों पर पहुंची तो एक ट्रेन की चपेट में आ गई। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। इस संबंध में फिलहाल 174 के तहत कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। महिला चार वर्षीय बच्चे की मां थी।

## खबर संक्षेप

### बागवानी को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाएं

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला में बागवानी विभाग द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को अनुदान राशि प्रदान की जा रही है ताकि किसान परंपरागत खेती छोड़कर बागवानी एवं फसल विविधीकरण को अपना कर अपनी आय बढ़ा सकें।

### गांव एमपी माजरा में स्वास्थ्य जांच शिविर 15 को

**झज्जर।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार बंसल ने बताया कि गांव एमपी माजरा (जहाजगढ़) में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच शिविर का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने का आह्वान किया।

### आज सुनीं जाएंगी बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं

**झज्जर।** बिजली निगम के अधीक्षण अभियंता यशवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जिला झज्जर के उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान को लेकर रोहतक स्थित मुख्य अभियंता राजीव गांधी विद्युत भवन कांफ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक निवारण मंच की बैठक होगी।

### लोहारहेड़ी में दंगल व भंडारा 14 को

**बहादुरगढ़।** गलोहारहेड़ी में 14 जनवरी को तीसरे विशाल इनामी कुश्ती दंगल व भंडारे का आयोजन होगा। इसमें पहला इनाम सवा लाख, दूसरा इनाम 81 हजार व तीसरा इनाम 51 हजार है। अन्य पहलवानों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया जाएगा।

---

#### दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का धरना जारी

# वेतन विसंगति जल्द दूर नहीं हुई तो तेज होगा आंदोलन

■ एसोसिएशन सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** लघु सचिवालय परिसर में धरनारत पटवारी एवं कानूनगो।

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन द्वारा वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा सांकेतिक धरना वीरवार को भी जारी रहा। जिला प्रधान मनीष यादव की अध्यक्षता में लघु सचिवालय परिसर में आयोजित इस धरना प्रदर्शन में सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान रामबीर ने संबोधित करते हुए कहा कि यदि सरकार की ओर से बारह जनवरी तक एसोसिएशन की वेतन विसंगति का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करते हुए अलग से रूप रेखा तैयार कर सरकार के प्रति रोष प्रकट करेंगे। इस दौरान एसोसिएशन सदस्यों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार के प्रति अपना गुस्सा जाहिर किया। धरना स्थल को सदर कानूनगो सुभाष, नायब सदर कानूनगो रणबीर, डॉक्टर प्रवीण कुमार, विजय पूनिया, दिनेश शर्मा, योगेश कुमार, नरेंद्र, रामचंद्र, सुनील, संदीप कोका, जोगिंद्र गुलिया, मनोज दहिया, सुरेश, रेणु, पूनम, बबीता, सतीश, जोगेंद्र आदि ने भी संबोधित किया। जिला प्रधान मनीष ने कहा कि उनका यह धरना प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहेगा।

---

# भाषण में रितिका रही प्रथम


**झज्जर।** विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

वीरवार को जिला स्तरीय युवा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा भारत-विकसित भारत विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में सूचना तकनीक, विज्ञान, अर्थव्यवस्था, भाषा का महत्त्व, नारी शक्ति, धर्म, कृषि, अंतरराष्ट्रीय नीति, कानून व्यवस्था, इतिहास व पंच प्रण विषयों को शामिल किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला अर्श काउंसलर संदीप जांगड़ा ने किशारों को स्वास्थ्य के लिए जागरुक करते हुए परिजनों के सहयोग से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में रितिका नारा को पहला, साक्षी को दूसरा व प्रगति को तीसरा स्थान मिला। इसके अलावा अनामिका, सेजल व अंकिता को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस दौरान नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर रवि शर्मा, डॉक्टर प्रगट सिंह, मनोज कुमार, ज्योति, रामफूल शास्त्री, नरेंद्र सिंह, पूनम देशवाल, सुदेश कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# कुपोषण व नशे के दुष्प्रभावों के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** स्कूल प्रांगण में छात्राओं व शिक्षिकाओं के बीच साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक।

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीघल में आयोजित लाइफ स्किल कैंप में साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक ने छात्राओं को कुपोषण व नशे के दुष्प्रभावों बारे जानकारी दी। प्राचार्या भारती वर्मा ने बताया कि स्वीटी मलिक रोहतक से डीघल तक साइकिल पर पहुंची उन्होंने छात्रों को भी रोजमर्रा के कार्यों के लिए साइकिल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इनके अलावा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर तरुण तथा एएनएम पूनम देवी ने भी छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आजकल लड़कियों में खून की मात्रा बहुत कम होती है जिससे उन्हें पोषक आहार चाहिए। इस मौके पर अंग्रेजी प्रवक्ता रिशु हुड्डा, भूगोल प्रवक्ता पुष्पा देवी सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# निबंध प्रतियोगिता में छात्रा प्रियांशु प्रथम

■ प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए अपने विचार प्रकट किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


**बहादुरगढ़।** निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

गांव छारा में स्थित चौ. हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में विकसित भारत का सपना-2047 कार्यक्रम के तहत एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. अनीता दलाल के मार्गदर्शन में हुई इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लेते हुए अपने विचार प्रकट किए। डॉ. मंजू देशवाल व डॉ. उषा कुमारी निर्णायक मंडल में शामिल थे।

प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी प्रियांशु ने पहला स्थान हासिल किया। प्रियांशु ने अपने निबंध के जरिये संदेश दिया कि कि अगले 23 वर्ष बाद भारतवर्ष अपनी स्वतंत्रता के 100 साल पूरे होने का उत्सव मनाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण पर हम एक ऐसे राष्ट्र की कल्पना व उम्मीद करते हैं, जहां सभी नागरिक प्रसन्न व संतुष्ट होंगे तथा समाज के कल्याण की भावना से देश की प्रगति में सहायक बनेंगे। कोई व्यक्ति भूख, गरीबी से ग्रसित नहीं होगा। यह अत्यंत दुख का विषय है कि आज भारत ग्लोबल हंगर इंडेक्स में 111वें स्थान पर है। धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर आए दिन झगड़े होते हैं। महिलाओं की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है। विकास के नाम पर खोखले आंकड़े नहीं बल्कि नारी को सही मायने में सशक्त करने की आवश्यकता है। द्वितीय स्थान पर रही छात्रा निकिता और तृतीय स्थान पर नेहा तथा नीतू ने अपने लेख के माध्यम से रोजगार के अवसर बढ़ाने, स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि करने और भ्रष्टाचार को मिटाने पर बल दिया। इस अवसर पर तमाम स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---


**झज्जर।** कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता। फोटो :हरिभूमि

### मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**झज्जर।** झज्जर बार एसोसिएशन में बार प्रधान दीपक गोयल की अध्यक्षता में वीरवार को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रधान एवं सीनियर अधिवक्ता डॉक्टर अदिश सी अग्रवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान अधिवक्ताओं में मिठाइयां, मूंगफली व रेवड़ी का वितरण करते हुए लोहड़ी व मकर संक्रान्ति मनाई। इस मौके पर बार उप-प्रधान हरदीप दलाल, यशवीर छिक्कारा, अजय यादव, मोहित वर्मा, मंगतराम सैनी, श्याम सुंदर गोयल, ओमप्रकाश गोयल, नरेश झामरी, धनसिंह सहरावत, रविंद्र सिक्का, वीरेंद्र गहलोत, राजेश किन्हा, जंगशेर कादियान, देवेंद्र कादियान, अजीत सोलंकी, समरजीत नेहरा, रामकुंवर वर्मा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

# बीएड कॉलेज में सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरू

■ यातायात नियमों की पालना के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



**बहादुरगढ़।** एसआई सत्यप्रकाश का स्वागत करती कॉलेज प्राचार्या व अन्य। फोटो :हरिभूमि

सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के पहले दिन वैश्य बीएड कॉलेज में सड़क सुरक्षा इंचार्ज सत्यप्रकाश ने भावी अध्यापिकाओं को दुर्घटनाओं से बचाव और यातायात नियमों की पालना के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह चलने वाले जागरूकता अभियान में स्वयंसेविकाएं पोस्टर, स्लोगन, रंगोली आदि के माध्यम से घर-घर जाकर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने के लिए आमजन को प्रेरित करेंगी। यातायात समन्वयक सत्यप्रकाश ने बताया कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में लगभग डेढ़ लाख लोग अपनी जान गंवा देते हैं और कई लोग अपंग हो जाते हैं। सड़क दुर्घटनाएं आर्थिक तंगी और इससे पीड़ित लोगों के परिवारों को भावनात्मक रूप से तकलीफ पहुंचाने का कारण बनती हैं। चूंकि लोग उचित रूप से यातायात निर्देशों और नियमों का पालन नहीं करते हैं। ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं, नशे में गाड़ी चलाते हैं, सीट बेल्ट नहीं पहनते हैं। इसीलिए हादसों का शिकार बनते हैं। हमें समझना होगा कि सरकार ने नियम कायदे हमारी सुरक्षा के लिए बनाए हैं। हमें नियमों और कानून का सम्मान और पालन करना चाहिए।

---


**बहादुरगढ़।** आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते डॉ. पंकज जैन।

### जैन ने कई वार्डों में किया जनसंपर्क

**बहादुरगढ़।** भाजपा स्वच्छता विभाग के प्रदेश सह प्रमुख नेता डॉ. पंकज जैन ने वार्ड नंबर-16, 17, 23 व 24 में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने मोदी व मनोहर सरकार की योजनाओं व नीतियों से संबंधित कैलेंडर भी वितरित किए। उनके अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल में भारत एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में पूरे विश्व में स्थापित हुआ है। ईमानदार मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश में जनसंवाद कार्यक्रम चलाकर आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान कर रहे हैं। भाजपा सदैव राष्ट्र व आमजन की सेवा करती आई है। भाजपा राज में देश व प्रदेश की जनता खुशहाल है। इस अवसर पर तरुण वशिष्ट, विक्रम, देव कुमार, रोहित गुप्ता, ललिता, बसंती, पूनम, अजय कौशिक, मास्टर सतबीर, संजीव, मनोज, अनिल कपूर, वेदना, पूनम, पुनीत, सौरव, जयंत, सुरेश, देवेंद्र, अजय मिश्रा, सुनीता, प्रमिला व नीतू आदि मौजूद रहे।

---

# ग्रामीणों को दिया जन आक्रोश रैली में शामिल होने का निमंत्रण

**झज्जर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में आगामी 28 जनवरी को माछरौली में होने वाली जन आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए विधायक कुलदीप वत्स ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। वीरवार को उन्होंने क्षेत्र के गांव न्यौला, मुबारिकपुर, तुंबाहेड़ी, धारौली, जटवाड़ा, गिरधरपुर आदि में पहुंचकर ग्रामवासियों से रैली में शामिल होने का न्यौता दिया। उन्होंने कहा कि माछरौली के राजकीय स्कूल मैदान में होने वाली जन आक्रोश रैली ऐतिहासिक होगी।


**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को रैली में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए विधायक कुलदीप वत्स।

---

### जरूरतमंद लोगों में वितरित किए कंबल

**झज्जर।** झज्जर स्वर्णकार संघ द्वारा हरिपुरा बाजार में वीरवार को कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसपी डॉ. अर्पित जैन व भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित करते हुए मुख्यातिथियों ने कहा कि इस तरह के कार्य करना मानवता का धर्म है। समाज के सभी वर्गों को इस प्रकार के जन कल्याण संबंधी कार्य करने चाहिए। इस मौके पर हरियाणा स्वर्णकार संघ के कार्यकारी अध्यक्ष जयपाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष केशव सिंघल, गौशाला के प्रधान प्रमोद बंसल, गुलशन शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक शमशेर सिंह, तहसील प्रधान रमेश सोनी, रविंद्र सोनी, गगन सोनी, संजय सोनी, सुरेंद्र सोनी, अशोक सोनी, रोहताश सोनी, सतीश सेढ़ा, मुकेश सोनी, राकेश, मोक्ष, नरेंद्र, पवन, धर्मपाल वर्मा, अरुण सोनी, उमेद सहित अन्य भी मौजूद रहे।


**झज्जर।** कंबल वितरित करते हुए एसपी डॉक्टर अर्पित जैन व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा व अन्य। फोटो :हरिभूमि

---

### तीरंदाजी स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित


**झज्जर।** तीरंदाजी स्पर्धा के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मनीष नंबरदार व अन्य।

**झज्जर।** नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल इंडोर गेम्स की तीरंदाजी स्पर्धा में दुजाना गांव के खिलाड़ियों ने मेडल जीत कर जिले का नाम रोशन किया है। पदक जीत कर लौटे खिलाड़ियों का ग्रामवासियों द्वारा फूलों व नोटों की मालाओं से स्वागत किया गया। समारोह के दौरान मुख्य रूप से मौजूद मनीष नंबरदार व धर्म सिंह ने गोल्ड मेडल जीतने वाले नैतिक, हर्ष व गौरव, तथा सिल्वर मेडल जीतने वाले इशांत व ललित कुमार को सम्मानित किया। इस मौके पर जसबीर सिंह, धर्मेंद्र, धर्मपाल, संजय सिंह, अशोक कुमार, साहिल व जसवंत सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।

---

#### पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई

# प्रवासी मजदूरों से बच्चों को स्कूल भेजने का आह्वान

■ सरकारी विद्यालय में उनका दाखिला नि:शुल्क किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान बच्चों में इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा वीरवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में छारा रोड स्थित ईंट भट्ठा पर कार्यक्रम का आयोजन कर प्रवासी मजदूरों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था सदस्यों ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला तथा प्रवासी मजदूर अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए उन्हें स्कूलों में भेजें। सरकारी विद्यालय में उनका दाखिला निःशुल्क किया जाएगा। संस्था सदस्य पूनम देशवाल ने बताया कि लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री थे। हमें उनकी सादगी, विनम्रता, मानवतावाद, तपस्या, कड़ी मेहनत, समर्पण और राष्ट्रवाद का अनुकरण करना चाहिए। इसके अलावा कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए बच्चों में गर्म कपड़ों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर संस्था सदस्य संदीप देशवाल ने मौजूदा प्रवासी मजदूरों व उनके बच्चों में जहां इम्युनिटी बूस्टर किट भेंट किए वहीं प्रवासी मजदूरों को बीड़ी, गुटखा आदि पदार्थों का सेवन न करने के लिए भी प्रेरित किया गया।

---

### एमडीयू की परीक्षाओं को लेकर जिला में धारा 144 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश एवं उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा संचालित यूजी व पीजी कक्षाओं की नियमित और रि-एपीयर परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। जिला में यह आदेश परीक्षा के दौरान आगामी 24 जनवरी तक जारी रहेंगे। उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में फोटोस्टेट की दुकान बंद रखने, पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने व बिना उद्देश्य एकत्रित होने पर रोक लगा दी है।

---


**बहादुरगढ़।** जगदीश नंबरदार को श्रद्धांजलि अर्पित करते पूर्व विधायक नरेश कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### पुण्यतिथि पर जगदीश को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय मांगेराम नंबरदार के पुत्र जगदीश नंबरदार की पहली पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मांगेराम मार्केट में सतीश नंबरदार, गौरव राठी, पूर्व विधायक नरेश कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल शर्मा, नप चेयरपर्सन सरोज राठी, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पार्षद संदीप अहलावत व संजय दलाल आदि ने स्व. जगदीश नंबरदार को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत गरीबों में कंबल वितरित किए। वक्ताओं ने इस दौरान जगदीश नंबरदार के स्वभाव की प्रशंसा की। उनके असमय निधन पर शोक जताया। कार्यक्रम में तेजपाल राठी, रमेश राठी, सुरेंद्र दलाल, कृष्ण चंद्र, दिलबाग राठी, संजय राठी, विवेक दलाल, नरसी राठी, सुरेंद्र दलाल, बिजेंद्र, बलबीर खरू, जयभगवान नंबरदार, सुरेंद्र मलिक, सतीश घई, पार्षद अश्विनी शर्मा, कर्मवीर शर्मा, प्रवीण सोनू, पवन रोहिल्ला, राजेश तंवर, हरिमोहन धाकरे, शेखर यादव व विनोद यादव आदि ने स्व. जगदीश नंबरदार को पुण्यतिथि पर नमन किया।

## खबर संक्षेप

### बंटी ने वार्ड-26 में किया जनसंपर्क

**बहादुरगढ़।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नवीन बंटी ने वार्ड नंबर-26 में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। वार्ड वासियों से भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्हें मोदी-मनोहर सरकार के ऐतिहासिक निर्णयों से संबंधित पंपलेट व कैलेंडर भी भेंट किए। इस अवसर पर धर्मवीर डागर, नान्हे पहलवान, आकाश राठी, सूबे सिंह, धीरा बेनीवाल, सुरेश, नर सिंह, पंकज राणा, बिजेंद्र दलाल व सीटू राठी आदि मौजूद रहे।

### अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा ने अवैध हथियार सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। दरअसल, सीआईए की टीम लडरावण इलाके में गश्त पर थी। इस दौरान शक के आधार पर एक युवक को काबू किया। तलाशी के दौरान उसके पास एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी की पहचान अंकित के रूप में हुई है। उससे पूछताछ की जा रही है।

### छिल्लर ने मातृशक्ति का किया सम्मान

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने वीरवार को गांव परनाला में मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें मौजूद सैकड़ों महिलाओं का शॉल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने उज्जवला योजना से महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति दिलाई। तीन तलाक कानून बनाया। नारी वंदन अधिनियम बनाकर महिलाओं को विधायिका में आरक्षण दिया। इसअवसर पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी भी मौजूद रहे।

### सिविल सर्जन कार्यालय प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने किया रोष प्रदर्शन

यूनियन के जिला प्रधान ने कहा कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई तो प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

अपनी लंबित मांगों को लेकर वीरवार को एनएचएम कर्मचारियों ने सीएमओ कार्यालय में एकत्रित होकर रोष प्रदर्शन किया। यूनियन के जिला प्रधान अरुण वर्मा ने कहा कि यदि उनकी मांगें शीघ्र पूरी नहीं की गई तो प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। अपनी लंबित मांगों को लेकर उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय प्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर उपप्रधान अमरजीत, डॉक्टर कृष्ण श्योराण, सलाहकार संजय, प्रेस प्रवक्ता संदीप जांगड़ा, डॉक्टर तरुण, अंजु, नीतू, सुनीता, सुनील, राजबीर, श्याम लाल व सूबे सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। सीएमओ कार्यालय परिसर में कार्यालय प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।


झज्जर। स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज से मिलने पहुंचा आशा वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधि मंडल। फोटो: हरिभूमि

### मांगों का समाधान नहीं हुआ तो 18 को होगा विरोध प्रदर्शन

**झज्जर।** आशा वर्कर्स यूनियन द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को किए जाने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित किया गया है। यूनियन की राज्य उपप्रधान प्रवेश मातनहेल व सचिव अनीता ने बताया कि अपनी मांगों के संबंध में प्रदेश यूनियन का छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल स्वास्थ्यमंत्री अनिल विज से मिलने वीरवार को अंबाला पहुंचा। उन्होंने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही नवंबर व दिसंबर माह का मानदेय आशाओं के खाते में भेज दिया जाएगा। इसके अलावा वे शीघ्र ही विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए हड़ताल के दौरान के छह हजार रुपये फिक्स देने व अन्य मुद्दों पर भी बातचीत करेंगे। राज्य उपप्रधान प्रवेश मातनहेल ने कहा कि यदि शीघ्र उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वे आगामी 18 जनवरी को जिले में विरोध प्रदर्शन करेंगी।


बहादुरगढ़। अवैध कॉलोनी में चलाया जा रहा पीला पंजा। फोटो: हरिभूमि

# अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अवैध कॉलोनियों को लेकर जिला नगर योजनाकार विभाग की ओर से सख्त रवैया अपनाया जा रहा है। तोड़फोड़ की कार्रवाई के साथ केस दर्ज कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को एक बार फिर डीटीपी की टीम ने बहादुरगढ़ इलाके में दस्तक दी। यहां सराय औरंगाबाद में स्थित एक अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई। विभाग को सूचना मिली थी कि सराय गांव के रकबे में कुबेर कॉलोनी के पीछे अवैध कॉलोनी काटी गई है। इस पर संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की योजना बनाई गई। शुक्रवार को पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची। ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू कर दी गई।

यहां 2.1 एकड़ में फैली कॉलोनी में लगभग 40 डीपीसी तोड़ी गई। जबकि साढ़े 300 मीटर रोड नेटवर्क ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस बल की उपस्थिति के चलते कार्रवाई में किसी तरह का खलल उत्पन्न नहीं हुआ। एटीपी सतीश, जेई राजकुमार भी इस अवसर पर मौजूद रहे। बता दें कि बहादुरगढ़ इलाके में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों में लगातार डीटीपी की ओर से कार्रवाई की जा रही है। लगभग हर सप्ताह तोड़फोड़ हो रही है।

# शीतला माता मंदिर के दानपात्र में रखे रुपये निकाल ले गए दो संदिग्ध युवक

**झज्जर।** गांव जहाजगढ़ स्थित शीतला माता मंदिर में दो युवकों द्वारा दान पात्र से रुपये चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में जहाजगढ़ निवासी नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह शीतला माता मंदिर कमेटी का सदस्य है। उनके मंदिर में रखे दान पात्र से करीब आठ से दस हजार रुपये चोरी हो गए। जब उन्होंने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो बीती 5 जनवरी की रात करीब सवा ग्यारह बजे दो युवक जो अपने चेहरे को कपड़े से ढके हुए थे वे मंदिर में प्रवेश करते हुए दिखाई देते हैं। उसके बाद वे युवक दान पात्र को खोलकर उसमें रखे रुपये निकाल लेते हैं तथा दान पात्र को चाबी से बंद करके चले जाते हैं। पुलिस ने नरेंद्र सिंह की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए संदिग्ध युवकों की तलाश शुरू कर दी है।


झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में मंदिर परिसर में मौजूद संदिग्ध युवक।

# घायल ज्वेलर से मिले इनेलो प्रदेशाध्यक्ष

**बहादुरगढ़।** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी सोमवार को किला मोहल्ला में एक ज्वेलर्स की दुकान पर दिन दहाड़े हुई लूट की वारदात में घायल हुए ज्वेलर से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। हा वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। लूट, चोरी, डकैती व महिला के विरुद्ध अपराधों की संख्या बढ़ रही है। नफे सिंह राठी ने कहा कि बहादुरगढ़ में भी आए दिन अपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं और आम जनता के अलावा व्यापारी वर्ग भय के साए में जीने को मजबूर हैं। दिनदिहाड़े तीन नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के बल पर लाखों रुपए की लूट की और दुकान मालिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। नफे सिंह राठी ने आज पीड़ित ज्वेलर शेख जमालुद्दीन उर्फ लाला के निवास पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और पूरी मदद करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इनेलो व्यापारियों की सुरक्षा की मांग करती है। उन्होंने दोहराया कि सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।


बहादुरगढ़। घायल ज्वेलर के घर हाल-चाल जानने पहुंचे नफे सिंह राठी।


बहादुरगढ़। कुलासी गांव में गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेंद्र सिंह जून। फोटो: हरिभूमि

# कुलासी गांव में साढ़े 12 लाख में बनेगी गली

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेंद्र सिंह जून ने वीरवार को गांव कुलासी में गली निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक आदर्श विकास योजना के अंतर्गत कुलासी गांव में मेन रोड पर चंद्र सिंह के मकान से रिंकू के मकान तक साढ़े 12 लाख रुपए की धनराशि से गली बनेगी। विधायक राजेंद्र जून ने संबंधित ठेकेदार को निर्माण कार्य में गुणवत्ता के तय मानकों का पूरी तरह से पालन करने की हिदायत दी। इससे पहले उन्होंने अपने कार्यालय पर जनसमस्याएं सुनी। इस अवसर पर सरपंच पप्पू, रामधन कुलासी, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश, शमशेर, रामकंवार, मीर सिंह, राजपाल, हर्ष, यश खत्री, अर्जुन खत्री, आर्यन, रमेश फौजी, भीम सिंह, चांद सिंह, गोबिंद, आजाद, मेहर सिंह, बिजेंद्र मास्टर, राज सिंह, रमेश, जय सिंह, जगदीश खैरपुर, रामकिशन बामड़ोली, जगबीर, मंजीत मुकंदपुर, अशोक कानोंदा व रोहताश आदि मौजूद रहे।

# अधिकारियों और उद्यमियों की बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

वैट के लंबित केसों के लिए सीएम मनोहर लाल द्वारा वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की घोषणा की गई है। इसको लेकर गणपति धाम स्थित कंफेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज कार्यालय में शुक्रवार दोपहर को बैठक होगी। बैठक में हरियाणा जीएसटी विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे, जो उद्योगपतियों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

यह जानकारी देते हुए कोबी प्रधान प्रवीण गर्ग ने बताया कि हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के चेयरमैन बालकिशन अग्रवाल द्वारा किए गए प्रयास से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 31 दिसंबर 2023 को वैट के लिए वन टाइम सेटलमेंट स्कीम की घोषणा की थी।

इससे हरियाणा के सभी व्यापारियों लाभ होगा। उन्होंने बताया कि गत एक जुलाई 2017 में जीएसटी के लागू होने से पहले के वैट के लंबित देय राशि के मामले हैं, उनका समाधान हरियाणा में जिला उत्पाद शुल्क एवं कराधान आयुक्त द्वारा किया जाएगा। यह योजना तीन महीने के लिए सरकार द्वारा लागू की गई है। इसके माध्यम से बिना किसी पैनेल्टी या ब्याज के लंबित देय राशि का भुगतान 70 प्रतिशत तक की छूट के साथ किया जा सकता है।


बहादुरगढ़। बालकिशन अग्रवाल का आभार जताते कोबी के पदाधिकारी।

# अजय डबास बने भारतीय हैंडबॉल टीम के मुख्य कोच

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र अजय डबास को भारतीय हैंडबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि अजय डबास ने उन्हीं के संस्थान के क्रीड़ास्थल से हैंडबॉल सीखकर यह मुकाम हासिल किया है। अब वह 11 से 25 जनवरी तक बहरीन में होने वाली 21वीं सीनियर एशियाई पुरुष हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का मुख्य कोच बनकर अपनी सेवाएं देगा। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप के सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह व कोच रामभगत जाखड़ ने अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# साधना के लिए योग्य बनना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

श्री गीता प्रचार समिति तथा जय दुर्गा सभा बहादुरगढ़ द्वारा दुर्गा शक्ति पीठ अयोध्यापुरी किला एन्कलेव में आयोजित श्री गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन भी गीता की महिमा का बखान किया गया। गीता ज्ञानेश्वर डॉ.स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने कहा कि आत्म कल्याण के लिए साधना करने वाले को योग्य पात्र तो बनना ही होगा। किसी भी आत्म कल्याण की इच्छा रखने वाले को पहले तत्वज्ञान-भगवद् भक्ति का अधिकारी होना आवश्यक है। केवल जाति, रंग रूप या पैसे के बलबूते पर ही कोई ग्रंथ पढ़ने अथवा आत्म कल्याण का अधिकारी नहीं हो जाता। इस अवसर पर तिलक राज कोचर, अनिल कुमार, रमन सुखीजा, सुभाष दीवान, अनुराग सलूजा ने यज्ञ में आशीर्वाद लिया।


बहादुरगढ़। कार्यक्रम में गीता आरती करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने नेपाल में जीते मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बीते दिनों नेपाल में हुई छठी इंडो-नेपाल खेल प्रतियोगिता में केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां के कई विद्यार्थियों ने पदक जीते। इनकी जीत पर स्कूल प्रबंधन और परिजनों ने खुशी जताई है। नेपाल हुई प्रतियोगिता में केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल के स्वास्तिक व पनव ने अंडर-14 दौड़ में गोल्ड मेडल जीता है। जबकि अंडर-12 में मिलन ने सिलवर पर कब्जा जमाया। इसी तरह अंडर-14 के बैडमिंटन में चैतन्य और वंश ने सिलवर जीता। अंडर-12 में विराज ने गोल्ड हासिल किया। अंडर-14 योगासन में दक्ष ने गोल्ड और शौर्य प्रताप ने बाक्सिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया। प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या ने सभी विजेता विद्यार्थियों और उनके कोच को बधाई दी है। उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



बहादुरगढ़। पदक विजेता विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल अर्पिता आचार्या।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


### छीना झपटी मामले में वांटेड आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा छीना झपटी मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाहक थाना प्रभारी माछरौली अमित कुमार ने बताया कि महेश पुत्र रामानंद निवासी भुपखेड़ा जिला अलवर की शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए बीते आठ अगस्त 2021 को मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सचिन निवासी गांव खुड्डन के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। दो दिन की पूछताछ के बाद आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


बहादुरगढ़। विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

# साइबर सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** एचएल सिटी स्थित जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय सेवा सुरक्षा शिविर का चौथा दिन साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर केंद्रित रहा। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर प्रिंसिपल डॉ. सुचित्रा भट्टाचार्या ने कार्यक्रम की शुरुआत कराई। बढ़ती जा रहे साइबर अपराध के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। एएसआई मुकेश ने बताया कि आजकल साइबर ठग किन-किन तरकीबों के जरिये वारदात को अंजाम दे रहे हैं और किस तरह से हम उनसे अपना बचाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का इस्तेमाल बढ़ गया है, इसलिए हमें सतर्क रहने की जरूरत है। प्रलोभन देती पोस्ट, ऑफर आदि के प्रति सचेत रहना चाहिए। वहीं दुर्गा शक्ति की टीम से एचसी सरला ने दुर्गा शक्ति वाहिनी व उसकी कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। इससे संबंधित एप की जानकारी विद्यार्थियों को दी। कार्यशाला के अंतिम पड़ाव में संवाद गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर विचार प्रकट किए गए। स्कूल निदेशिका शैलजा जून ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पाटौदा गांव में मिला अवैध नशा मुक्ति केंद्र

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव पाटौदा में अवैध रूप से चल रहे नशा मुक्ति केंद्र पर जिला समाज कल्याण व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई की। पुलिस को दी शिकायत में जिला समाज कल्याण अधिकारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पाटौदा में अवैध रूप से नशा मुक्ति केंद्र चलाया जा रहा है। जिसके आधार पर जांच कमेटी का गठन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर नीरज आहूजा को शामिल किया गया। जहां कुलाना-हेलीमंडी मार्ग पर शराब की दुकान के पास दो मंजिला भवन के बेसमेंट में अवैध रूप से चलाया जा रहा नशा मुक्ति केंद्र मिला। जिसमें 12 मरीज पाए गए। शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।


झज्जर। सब्जी मंडी परिसर में ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर बैठे दुकानदार।

# दिनभर निकली हल्की धूप, ठंड से फिर भी नहीं मिली राहत

**झज्जर।** वीरवार को दिनभर हल्की धूप निकलने के बावजूद भी आमजन को ठंड से राहत नहीं मिल पाई। शीतलहर के आगे सूर्य की किरणों की तपिश न के बराबर रही। जिसके कारण लोग ठंड से कंपकंपाते रहे। शीतलहर के कारण जन-जीवन पूर्णतया प्रभावित रहा और लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में भी परेशानी हुई। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव की शरण में दिखाई दिए। वीरवार को अधिकतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ शुक्रवार और शनिवार को मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे हैं।